दिन–बुधवार दिनांक– 25/02/2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से। अवधि – 05 मिनट

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह आज तीन दिवसीय दौरे पर बिहार आ रहे हैं। श्री शाह राज्य के सीमावर्ती जिलों– विशेषकर पूर्णिया, किशनगंज और अररिया में सुरक्षा उपायों, प्रशासनिक तैयारियों और विभिन्न विकास परियोजनाओं की समीक्षा करेंगे। तय कार्यक्रम के अनुसार श्री शाह अपराह्न चार बजे पूर्णिया हवाई अड्डा पहुंचेंगे और किशनगंज के लिए रवाना होंगे, जहां वे मेची सभागार में उच्च स्तरीय बैठक करेंगे। केंद्रीय गृह मंत्री सभी सात सीमावर्ती जिलों के जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षकों के साथ विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा करेंगे। बैठक में केन्द्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन, खुफिया ब्यूरो के निदेशक तपन डेका और एसएसबी, ईडी, आईबी जैसी केन्द्रीय एजेंसियों के वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल होंगे।

केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि सरकार उर्वरकों की उपलब्धता को मजबूत कर रही है। उन्होंने नई दिल्ली में एक कार्यक्रम में कहा कि सरकार नकली कीटनाशकों की बिक्री पर अंकुश लगा रही है। श्री सिंह ने कहा कि किसानों को ऋण सुविधा प्रदान करने के लिए जल्द ही किसान पहचान पत्र जारी किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत किसानों को लगभग एक लाख बानवे हजार करोड़ रुपये वितरित किए जा चुके हैं।

सर्वोच्च न्यायालय ने कक्षा आठ की एन.सी.ई.आर.टी. पाठ्यपुस्तक में न्यायपालिका में भ्रष्टाचार के उल्लेख का स्वतः संज्ञान लेते हुए इसे गंभीर चिंता का विषय बताया है। मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची तथा विपुल एम. पंचोली की पीठ ने इस मामले की सुनवाई की। मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि बार एसोसिएशन और पीठ दोनों ही इससे चिंतित हैं। उन्होंने कहा कि उच्च न्यायालय के न्यायाधीश भी इस मुद्दे से विचलित हैं। कक्षा आठ की सामाजिक विज्ञान

एन.सी.ई.आर.टी. की नई पाठ्यपुस्तक के अनुसार, भ्रष्टाचार, लंबित मामलों का भारी बोझ और न्यायाधीशों की कमी न्यायिक प्रणाली के सामने आने वाली चुनौतियों में से हैं।

———————————————————————

बिहार विधानमंडल का बजट सत्र सुचारू रूप से जारी है। विधानसभा में आज प्रश्नोत्तर काल की कार्यवाही शांतिपूर्वक संपन्न हुई। सदस्यों ने आवास योजना के लाभार्थियों के चयन में गडबड़ी का मुद्दा उठाया। इसके साथ ही शराबबंदी नीति को लेकर भी सदन में सवाल उठाये गए। इधर, विधान परिषद में भी कार्यवाही सुचारू रूप से चली।

———————————————————————

ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने कहा है कि आवास योजना में गड़बड़ी की शिकायतों की जांच की जाएगी। श्री कुमार ने विधानसभा में इस संबंध में पूछे गए प्रश्न के जवाब में कहा कि आवास योजना के लाभुकों के चयन में गड़बड़ी करने वाले अधिकारियों और कर्मियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने सदस्यों से इस संबंध में जानकारी उपलब्ध कराने को भी कहा है।

———————————————————————

अनुसूचित जाति, जनजाति कल्याण मंत्री लखेन्द्र पासवान ने कहा है कि चौकीदारों–दफादारों की मांगों को लेकर सरकार सवेंदनशील है। पटना में पत्रकारों से बातचीत करते हुए श्री पासवान ने कहा कि फिलहाल उनका मामला न्यायालय में है। इसलिए सरकार अपने स्तर पर कोई कार्रवाई नहीं कर सकती है। उन्होंने प्रदर्शनकारी चौकीदारों पर लाठीचार्ज की घटना को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए, जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई की बात भी कही है।

———————————————————————

शेखपुरा जिले की विशेष पोक्सो अदालत ने नाबालिग के साथ यौन शोषण मामले में दोषी एक शिक्षक को बीस वर्ष की सश्रम कारवास की सजा सुनाई है।

———————————————————————

रोहतास की जिलाधिकारी उदिता सिंह ने आज जिले के नोखा–नासरीगंज के बीच बक्सर मुख्य कैनाल पर बन रहे पुल के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया।

सीवान जिले में भूकंप आपदा से निपटने की तैयारियों को परखने के लिए राज्य स्तरीय मेगा मॉक ड्रील का आयोजन किया जाएगा। जिलाधिकारी विवेक रंजन मैत्रेय ने बताया कि छब्बीस फरवरी को सात चिन्हित स्थानों पर यह मॉक ड्रील आयोजित होगा।

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।